कुल प्रश्न संख्या–20, कुल पृष्ठ संख्या–4 BS-501

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2021-22

कक्षा–9

विषय–हिन्दी

समय : 2.45 घण्टा **पूर्णांक : 48**

निर्देश : *(i) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।*

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

खण्ड-अ

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

'संस्कृति' शब्द का सम्बन्ध संस्कार से है जिसका अर्थ है-संशोधन करना उत्तम बनना, परिष्कार करना। संस्कार व्यक्ति के भी होते है और जाति के भी। जातीय संस्कारों को ही संस्कृति कहते हैं। संस्कृति एक समूह वाचक शब्द है। जलवायु के अनुकूल रहन-सहन की विधियाँ और विचार परम्पराएँ जाति के लोगों में दृढ़मूल हो जाने से जाति के संस्कार बन जाते हैं। इनको प्रत्येक व्यक्ति अपनी निजी प्रकृति के अनुकूल न्यूनाधिकार मात्रा में पैतृक सम्पत्ति के रूप में प्राप्त करता है। ये संस्कार व्यक्ति के घरेलू जीवन तथा सामाजिक जीवन में परिलक्षित होते हैं। मनुष्य अकेला रहकर भी इनसे छुटकारा नहीं पा सकता ये संस्कार दूसरे देश में निवास करने अथवा दूसरे देशवासियों के सम्पर्क में आने से कुछ परिवर्तित भी हो सकते हैं और कभी-कभी दब भी जाते हैं, किन्तु अनुकूल वातावरण प्राप्त करने पर फिर उभर आते हैं।

(अ) 'संस्कार' शब्द का अर्थ क्या है? 1

(ब) व्यक्ति के संस्कार कहाँ परिलक्षित होते है? 1

(स) संस्कृति किसे कहते है? 1

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

हे ग्राम देवता! नमस्कार!
सोने-चाँदी से नहीं किन्तु
तुमने मिट्टी से किया प्यार।
हे ग्राम देवता! नमस्कार।
तुम जन-मन के अधिनायक हो,

कृ.पृ.उ.

Scanned with CamScanner

हथकड़ियाँ क्यों? यह ब्रिटिश राज का गहना,
कोल्हू का चर्रक चूँ जीवन की तान,
गिट्टी पर अंगुलियों ने लिखे गान।
हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जूआ,
खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कूँआ।
दिन में करूणा क्यों जगे, रूलाने वाली,
इसलिए रात में गजब ढ़ा रही आली

11. 'ल्हासा की ओर' यात्रा-वृतांत के आधार पर बताइए कि उस समय का तिब्बती समाज कैसा था? 3

अथवा

'साँवले सपनों की याद' पाठ में लेखक ने सालिम अली के व्यक्तित्व का जो चित्र खींचा है उसे अपने शब्दों में लिखिए।

12. सखी ने गोपी से कृष्ण का कैसा रूप धारण करने का आग्रह किया था? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए। 3

अथवा

ज्ञान की आँधी का भक्त के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है? लिखिए?

13. दो बैलों की कथा में बैलों के माध्यम से कौन-कौन से नीति-विषयक मूल्य उभर कर आए हैं? 2

14. लेखक लङ्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गया? 2

15. लॉरेन्स की पत्नी फ्रीड़ा ने ऐसा क्यों कहा होगा कि ''मेरी छत पर बैठने वाली गौरेया लॉरेन्स के बारे में ढेरसारी बाते जानती है? 2

16. 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों? 2

17. लेखिका की नानी की आजादी के आंदोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही? 2

18. किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या उसके कर्म से? तर्क सहित उत्तर दीजिए। 2

19. ''इतना तो हो ही गया की नौ-दस प्राणियों की जान बच गयी।'' यह कथन किसका है? 1

20. कवि कहाँ रहकर कोयल से प्रश्न करता है? 1

❑❑❑

Scanned with CamScanner

तुम हँसो कि फूले-फले देश।
आओ सिंहासन पर बैठो
यह राज्य तुम्हारा है अशेष।
उर्वरा भूमि के नये खेत
ये नये धान्य से सजे वेश।
तुम भू पर रहकर भूमि भार
धारण करते हो मनुज-शेष।

(अ) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्ष लिखिए। 1

(ब) किसान किससे प्यार करता है? 1

(स) जन-मन का अधिनायक किसे कहा गया है? 1

खण्ड-ब

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए— 5

(अ) कोरोना वाइरस : 21वीं सदी की महामारी

(ब) कम्प्यूटर शिक्षा का महत्व

(स) स्वच्छ भारत अभियान

(द) चुनाव का एक दृश्य

4. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्यजी को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए जिसमें बुक-बैंक से पाठ्य-पुस्तकें दिलवाने का निवेदन किया गया हो। 3

अथवा

जलदाय विभाग, भरतपुर के अधिकारी के नाम एक शिकायती पत्र लिखिए जिसमें नगर में व्याप्त जल संकट का विवरण हो।

खण्ड-स

5. निम्नलिखित उपसर्ग से दो-दो शब्द बनाइए। 2

(अ) अध

(ब) सम्

6. निम्नलिखित को विशेषण में बदलिए। 2

(अ) अपमान

(ब) परिश्रम

(स) दिन

(द) चमक

Scanned with CamScanner

7. निम्नलिखित श्रुति समभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए। 2

(अ) कूल-कुल

(ब) अपेक्षा-उपेक्षा

8. संयुक्त वाक्य की परिभाषा लिखिए। 2

खण्ड-द

9. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— 3

''तुम फोटो का महत्व नहीं समझते। समझते होते तो किसी से फोटो खिंचाने के लिए जूते मांग लेते लोग तो माँगें के कोट से वर दिखाई करते है और माँगे की मोटर से बारात निकालते है। फोटो खिंचवाने के लिए बीवी तक मांग ली जाती है, तुम से जूते माँगते नहीं बने। तुम फोटो का महत्व नहीं जानते। लोग तो इत्र चुपड़कर फोटो खिंचवाते हैं जिससे फोटो में खुशबू आ जाए। गन्दे से गन्दे आदमी की फोटो भी खुशबू देती है।''

अथवा

''जानवरों में गधा सबसे ज्यादा बुद्धिहीन समझा जाता है। हम जब किसी आदमी को परले दरजे का बेवकूफ कहना चाहते हैं, तो उसे गधा कहते हैं। गधा सचमुच बेवकूफ है या उसके सीधेपन उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे वह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता। गायें सींग मारती हैं, ब्याही हुई गाय तो अनायास ही सिंहनी का रूप धारण कर लेती है। कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है, लेकिन कभी-कभी उसे भी क्रोध आ ही जाता है, किन्तु गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना न देखा।

10. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 3

या लकुटी अरू कामरिया पर,
राज तिहँ पुर को तजि डारौं।
आठहुँ सिद्धि नवौ निधि के सुख
नंद की गाय चराई बिसारौं॥
रसखान कबौं इन आँखिन सौं,
ब्रज के बन बाग तड़ाग निहारौं।
कोतिक ए कलधौत के धाम,
करील के कुंजन ऊपर बारौं॥

अथवा

क्या-क्या देख न सकती जंजीरों का गहना?

Scanned with CamScanner